दैनिक

# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

वर्ष - 01 | अंक - 60 | राजसमंद - सोमवार, 21 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

पेज 4 पर पढ़े - जाट समाज ने तेजा दशमी के उपलक्ष्य में निकाली शोभा यात्रा



# नगर निकाय आम चुनाव-2026: सुरक्षा और कानून-व्यवस्था चाक-चौबंद

## - आज होगा मतदान और मतगणना

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले में नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत नगर परिषद राजसमंद के सभापति तथा नगर पालिका नाथद्वारा, आमेट एवं देवगढ़ के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी। चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और सभी मतदान व मतगणना स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार मतदान की गोपनीयता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त दिशानिर्देश लागू किए गए हैं। केवल निर्वाचन कार्य में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों, अभ्यर्थियों तथा निर्वाचित सदस्यों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। मतदान स्थल एवं मीटिंग हॉल के अंदर मोबाइल फोन, अस्त्र-शस्त्र, माचिस, लाइटर या अन्य ज्वलनशील सामग्री ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा ऑडियो अथवा वीडियो रिकॉर्डिंग करने वाले किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या गोपनीयता को प्रभावित करने वाली वस्तु पर रोक रहेगी। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, जुलूस, नारेबाजी तथा लाउडस्पीकर के उपयोग पर रोक रहेगी। अस्त्र-शस्त्र, लाठी या डंडा लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी और प्रतिबंधात्मक आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

राजसमंद पुलिस की विशेष टीम द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। आमजन से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक संदेश, भड़काऊ टिप्पणी, अफवाह या चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सामग्री शेयर न करें। किसी भी अपुष्ट खबर, फोटो या पुराने वीडियो को वर्तमान चुनाव से जोड़कर साझा करने वालों के खिलाफ प्रचलित कानूनों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। चुनाव व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरुण हसीजा, एसपी हेमंत कलाल,एएसपी महेंद्र पारीक, डीएसपी नेत्रपाल सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी मुकेश कुमार और तहसीलदार ने जिला परिषद कार्यालय व आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया। अधिकारियों ने बैरिकेडिंग, सुरक्षा बल की तैनाती और यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### राजसमंद मुख्यालय पर यातायात डायवर्जन एवं वैकल्पिक मार्ग

सोमवार को राजसमंद शहर में यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। 100 फीट रोड पर देव हेरिटेज वाले मार्ग से सिविल लाइन्स तक तथा किशोर नगर मंडा से जिला परिषद कार्यालय तक यातायात पूर्णतः बंद रहेगा। बजरंग चौराहे से 100 फीट रोड आने वाले वाहन देव हेरिटेज से रेगर मोहल्ला, कलालवाटी एवं किशोर नगर होते हुए आवागमन कर सकेंगे। कांकरोली की ओर से आने वाले वाहन 100 फीट रोड से सिविल लाइन्स एवं किशोर नगर होते हुए राजनगर की ओर जा सकेंगे। केवल निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकृत वाहनों को ही नियम अनुसार प्रवेश दिया जाएगा। पुलिस और प्रशासन ने आमजन से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# राजसमंद पुलिस ने मनाया ड्राइवर्स डिग्निटी डे-2026वाहन चालकों का किया सम्मान

## - दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन एवं एएसपी महेंद्र पारीक के सुपरविजन में जिलेभर में ड्राइवर्स डिग्निटी डे-2026 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य परिवहन व्यवस्था और आमजन की सुरक्षित आवाजाही में वाहन चालकों के योगदान को पहचानना, उनके प्रति सम्मान प्रकट करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अशोक लीलैंड वाहन चालक प्रशिक्षण संस्थान, रेलमगरा में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरटीओ उदयपुर ज्ञानदेव विश्वकर्मा, विशेष अतिथि आरपीएस प्रशिक्षु मुकेश कुमारए डीटीओ राजसमंद राघव शर्मा, उदयपुर के उद्योगपति ललित माथुर, डीटीआई हेड डीपी सिंह तथा आईडीटीआर निदेशक संजय गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय महेश चौधरी द्वारा किया गया। समारोह में वक्ताओं ने चालकों को परिवहन व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए उनके लिए सुरक्षित कार्य वातावरण और प्रशिक्षण पर जोर दिया। इस दौरान अच्छे ड्राइविंग रिकॉर्ड वाले चालकों का सम्मान किया गया तथा संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### कांकरोली में बस चालकों से किया संवाद

इसी क्रम में प्राइवेट बस ओनर्स सोसाइटी कार्यालय कांकरोली में आरपीएस प्रशिक्षु मुकेश कुमार व डीटीओ राघव शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें बस मालिकों व चालकों से संवाद कर यात्री सुरक्षा, जिम्मेदार वाहन संचालन और वाहनों के नियमित रखरखाव पर चर्चा की गई। उत्कृष्ट सेवा देने वाले चालकों को सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने, नशे में या मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाने, आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देने और यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने की शपथ दिलाई गई। यातायात शाखा एवं विभिन्न थाना प्रभारियों ने ऑटो, बस, टैक्सियों के चालकों से संवाद कर आभार व्यक्त किया। कांकरोली स्थित बस स्टैंड कार्यालय पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। डीएसपी मुकेश कुमार, डीटीओ राघव शर्मा और साइबर शाखा के खैसुल वसीम की मौजूदगी में साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई और यूपीआई पेमेंट संबंधी पैम्फलेट्स बांटे गए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न व उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सोसाइटी अध्यक्ष महेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, सचिव मुन्ना अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी जाकिर हुसैन मंसूरी सहित टैक्सियों, टेम्पो व बस यूनियन के पदाधिकारी और चालक-परिचालक मौजूद थे।

# देवगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: नकबजनी का खुलासा

## - आरोपी गिरफ्तार, 2 किलो चांदी और डेढ़ तोला सोने के आभूषण बरामद

जयवर्द्धन न्यूज़

**देवगढ़।** एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन में देवगढ़ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के शत-प्रतिशत आभूषण बरामद कर लिए हैं। एएसपी महेंद्र पारीक और पुलिस उप अधीक्षक (वृत्त भीम) राकेश कुमार वर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी देवगढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस के अनुसार धौरा मदारिया निवासी प्रार्थी त्रिलोकसिंह पिता तेजसिंह रावत ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके मकान से अज्ञात चोरों ने अलमारी व पेटी का ताला खोलकर 2 किलो चांदी के आभूषण (पायल, छैल कड़े, कंदोरा, बच्चों के कड़े, अंगूठियां आदि) और डेढ़ तोला सोने के गहने चोरी कर लिए थे। 16 सितंबर को जब उनकी पत्नी ने अलमारी संभाली तो गहने गायब मिले। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय गुप्त सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू की। संदेह के आधार पर एक युवक को डिटेन कर पूछताछ की गई, जिसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेशसिंह (22)पिता भंवरसिंह रावत निवासी धौरा मदारिया थाना देवगढ़, जिला राजसमंद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के समस्त आभूषण बरामद कर



लिए गए हैं। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक अशोक कुमार, सहायक उप निरीक्षक रतनाराम, कांस्टेबल रामचंद्र और कांस्टेबल देवकीनंदन की मुख्य भूमिका रही।

# गौशाला आश्रम में घुसा 5 फीट लंबा कोबरा

## - वन्यजीव प्रेमी ने सकुशल किया रेस्क्यू

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले के बॉर्डर स्थित चिरवा के पास बिकरनी गांव में दिगंबर खुशाल भारती महाराज की गौशाला स्थित आश्रम में एक अनोखी घटना सामने आई। आश्रम में चूहों के आतंक से निजात पाने के लिए रखे गए पिंजरे में 5 फीट लंबा जहरीला कोबरा सांप कैद हो गया। जानकारी के अनुसार आश्रम परिसर में चूहों को पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगाया गया था, जिसमें 3 चूहे फंस गए थे। उन्हीं चूहों का शिकार करने के उद्देश्य से एक 5 फीट लंबा कोबरा सांप भी पिंजरे के अंदर दाखिल हो गया। चूहों को निगलने के बाद भारी शरीर होने और पिंजरे की बनावट के कारण सांप बाहर नहीं निकल सका। पिंजरे में सांप को कैद देख आश्रम में कार्यरत सेवकों में हड़कंप मच गया और मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। इसके बाद आश्रम के विकास ने तुरंत इसकी सूचना पिपरड़ा स्थित वन्यजीव रेस्क्यू टीम को दी। सूचना मिलते ही वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत बिना



समय गंवाए चिरवा स्थित सिंगऋषि आश्रम पहुंचे। नवीन गहलोत ने मौके पर पहुंचकर देखा कि कोबरा 3 चूहों को निगल चुका था और पिंजरे में ही फसा हुआ था। उन्होंने सूझबूझ और सावधानी पूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कोबरा को पिंजरे से बाहर निकाला और एक प्लास्टिक के डिब्बे में सुरक्षित बंद किया। इसके बाद टीम ने सांप को उसके प्राकृतिक आवास यानी जंगल में ले जाकर सकुशल मुक्त कर दिया। कोबरा के सुरक्षित रेस्क्यू होने के बाद आश्रम के सेवकों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# बेटियों के सपनों को पंख देंगे पिता : संवाद कार्यशाला में मजबूत हुआ पिता-पुत्री का रिश्ता

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जन विकास संस्थान द्वारा इम्पावर के सहयोग से संचालित आगाज परियोजना के तहत पिता-पुत्री संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय पिता-पुत्री संवाद कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य पिता और पुत्रियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना, बेटियों की परवरिश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति पिताओं को जागरूक करना तथा बेटियों के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यशाला में भीलवाड़ा एवं राजसमंद जिलों से 20 पिता-पुत्री जोड़ियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न संवादात्मक एवं सहभागितापूर्ण सत्रों में भाग लिया। इन सत्रों का उद्देश्य पिता-पुत्री के रिश्ते में विश्वास, आपसी समझ और भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना तथा बेटियों के सामने आने




वाली चुनौतियों पर खुलकर चर्चा के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना था। परियोजना प्रभारी नीता कुमावत ने कहा कि बेटियों के समग्र विकास और सशक्तिकरण में पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिता और बेटियों के बीच खुला संवाद उन्हें अपनी बात रखने, निर्णय लेने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए आत्मविश्वास प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से परिवारों में सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देना तथा बेटियों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करना है।

### आपसी विश्वास तथा बेटियों की शिक्षा पर दिया जोर

संस्थान के मॉनिटरिंग एंड इवेल्युएशन ऑफिसर भूपेंद्र सिंह ने चर्चा के दौरान कहा कि ऐसा सहायक वातावरण विकसित करने की आवश्यकता है, जहां पिता अपनी बेटियों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझ सकें और उनकी परवरिश में सकारात्मक योगदान देने के प्रभावी तरीकों को सीख सकें। उन्होंने परिवार के भीतर संवाद, विश्वास और सहयोग को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पिता-पुत्री के संबंधों को मजबूत करने, आपसी विश्वास बढ़ाने तथा बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वतंत्रता और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को ऐसा पारिवारिक सहयोग उपलब्ध करवाना है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों और लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ सकें।

राजसमंद जन विकास संस्थान की यह पहल बेटियों के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और परिवारों में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सार्थक कदम है। कार्यशाला में संस्थान की क्लस्टर कोऑर्डिनेटर उमा पालीवाल तथा फील्ड कोऑर्डिनेटर ललिता शर्मा, खुबलता रेगर, ललिता साहू एवं राधा लोहार की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण रही

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### रोजगार की चुनौती

प्रधानमंत्री ने बीसवें रोजगार मेले में इक्यावन हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए यह प्रतिबद्धता जताई कि उनकी सरकार रोजगार बढ़ाने के लिए हर मोर्चे पर काम कर रही है। यह सही है कि मोदी सरकार ने 2022 में पहले रोजगार मेले की शुरुआत करते हुए 2023 के अंत तक दस लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य तय किया था और अभी तक 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

यह स्वाभाविक है कि यह सिलसिला कायम रहेगा, लेकिन सच्चाई यह भी है कि सभी युवाओं को सरकारी नौकरियां देना संभव नहीं। वास्तव में कोई भी सरकार हो, वह नौकरी के आकांक्षी सभी युवाओं को सरकारी नौकरियां चाहकर भी नहीं दे सकती। इन स्थितियों में यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि ऐसी परिस्थितियां पैदा की जाएं, जिनसे निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित हो सकें। चूंकि नई तकनीक के आगमन और विशेष रूप से एआइ के कारण नौकरियों की प्रकृति बदल रही है, इसलिए निजी क्षेत्र में भी रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करना एक चुनौती बन गया है।

आने वाले समय में यह चुनौती और बढ़ सकती है। यह सही है कि एआई के चलते नौकरियों के जो परंपरागत अवसर खत्म होंगे, उनके स्थान पर नए अवसर उत्पन्न होंगे, लेकिन इन नए अवसरों को भुनाने के लिए शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने की जो आवश्यकता है, उसकी पूर्ति तो प्राथमिकता के आधार पर की ही जानी चाहिए।

यह ठीक नहीं कि वर्तमान में बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा संस्थानों से ऐसी डिग्रियां लेकर निकल रहे हैं, जिनकी उपयोगिता कम होती चली जा रही है। आने वाले समय में सामान्य डिग्रीधारी छात्रों के लिए रोजगार के अवसर और कम हो सकते हैं। इसे देखते हुए सरकार को शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन के लिए तेजी के साथ कदम उठाने होंगे। यह इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि हाल ही में नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है कि आठ करोड़ से अधिक युवा ऐसे हैं, जो न तो पढ़ाई कर रहे हैं और न ही कोई कार्य और न ही किसी तरह का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

नीति आयोग की रिपोर्ट यह भी कहती है कि केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही ऐसे काम में लगे हैं, जो उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप है। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने बढ़ते स्टार्टअप और कौशल विकास कार्यक्रमों की चर्चा की, लेकिन नीति आयोग के इस आकलन की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि व्यावसायिक शिक्षा और उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण की कमी के कारण युवाओं की रोजगार क्षमता प्रभावित हो रही है। इसे देखते हुए नीति आयोग के सुझाव के अनुसार रोजगार की क्षमता बढ़ाने के लिए छठी कक्षा से ही छात्रों की अभिरुचि एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत केलवा पंचायत समिति राजसमंद**

क्रमांकः- ग्रा.प./2026-27/ 56 दिनांक 18-09-2026

:- ई- निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत के निर्माण कार्य हेतु ई निविदा क्रमांक 54/ 18-09-2026 एवं 55/ 18-09-2026 के अनुसार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना का विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO- ZRR2627A0574, UBN NO- ZRR2627WSOB01244-1249
NIB NO- ZRR2627A0583 UBN NO- ZRR2627WSOB01275

प्रशासक ग्राम पंचायत केलवा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत केलवा

**कार्यालय ग्राम पंचायत देवपुरा पंचायत समिति राजसमंद**

क्रमांकः- ग्रा.प./2026-27/ 34 दिनांक 18-09-2026

:- ई- निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत के निर्माण कार्य हेतु ई निविदा क्रमांक 32/ 18-09-2026 एवं 33/ 18-09-2026 के अनुसार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना का विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO- ZRR2627A0575, UBN NO- ZRR2627WSOB01250-1251
NIB NO- ZRR2627A0584 UBN NO- ZRR2627WSOB01277

प्रशासक ग्राम पंचायत देवपुरा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देवपुरा


# जिला स्तरीय 17/19वर्ष रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु

**- महंत बालक पूरी महाराज व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन**

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षा विभागीय 17/19वर्ष जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ राउमावि कुंवाथल के खेल मैदान पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नूतन प्रकाश जोशी, महंत बालक पूरी महाराज के अतिथ्य में हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्य गणेश राम बुनकर ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नूतन प्रकाश जोशी, विशिष्ट अतिथि महंत बालक पूरी महाराज, अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष सुभाष जोशी ने की। कुंवाथल ग्राम पंचायत के प्रशासक श्रवण गुर्जर, माद पचायत के पीईईओ देवीलाल खटीक, किरिट भाई, राजू भाई, विनोद गुर्जर, रामचंद्र गुर्जर, गोरधनसिंह, बाबू खान आदि ने मंच की शोभा बढ़ाई। जनरल रेफरी चैन सिंह रावत के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में 40 टीमो के 220 बालक व 209 बालिका भाग ले रहे हैं। शारिरिक शिक्षक जितेंद्र सिंह व नितिन तिवारी के अनुसार अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जोशी ने कहा कि कुंवाथल जैसी जगह पर रग्बी खेल के मैच करवाना अपने आप मे उपलब्धि है साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने व अनुसाशन बनाये रखने की बात कही। तत्पश्चात जोशी द्वारा व मंचासीन अतिथियों द्वारा उद्घाटन की घोषणा व सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान कुलदीप सिंह राजावत, उदयसिंह राजावत, गिरधारी सिंह, शहीद हुसैन, खालिद मोहम्मद, जमीला लोदी, मनोज त्रिवेदी, विद्यालय परिवार के विद्याशंकर नगारची, नरेश कुमार सैनी, वासुदेव, प्यार चंद रेगर, राकेश कुमार शर्मा, आशा सोलंकी, देवेंद्र बांगड़, मधु खोखावत, अनूप कुमार, लक्ष्मी गुर्जर, मदनसिंह सोलंकी, ललित कुमार सहित ग्रामवासी व दल प्रभारी मौजूद थे।



# गोल्डन ड्रीम्स एकेडमी की छात्रा वंशिका शर्मा और याशी बागोरा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** शहर के द गोल्डन ड्रीम्स एकेडमी स्कूल की होनहार छात्राओं ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल की छात्रा वंशिका शर्मा का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए तथा याशी बागोरा का चयन राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राजसमंद में आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के अंडर-17 (49 किग्रा भार वर्ग) में वंशिका शर्मा ने अपने बेहतरीन दांव-पेच और शानदार प्रदर्शन के दम पर प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही वंशिका का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आगामी 28 सितंबर से डीग (भरतपुर) में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में वंशिका गोल्डन ड्रीम्स एकेडमी और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं विद्यालय की एक अन्य प्रतिभावान छात्रा याशी बागोरा ने भी जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। साथ ही एक अन्य छात्रा याहवी बागोरा ने भी जूडो में कांस्य पदक प्राप्त किया। दोनों छात्राओं की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गरिमा बागोरा एवं निदेशक गौरव बागोरा ने तथा विद्यालय परिवार, अध्यापकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजय हासिल करने की कामना की है।



# सत्य से पवित्र होता है मन, जीवन बनता है सरल व आनंदमय

**- दशलक्षण पर्व के पांचवे दिन मनाया उत्तम सत्य धर्म - मंत्रोच्चार से परिवेश धर्ममय, श्रद्धालु भक्ति से सराबोर**

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** दशलक्षण पर्व के पांचवे दिन रविवार को दिगम्बर जैन समाज की ओर से उत्तम सत्य धर्म श्रद्धापूर्वक मनाया गया वहीं प्रभु सेवा से जुड़े कई पूजा विधान हुए। शहर में द्वारकेश चौराहा स्थित शांतिनाथ मंदिर में प्रातःकालीन कार्यक्रम को लेकर शहर भर से धर्मानुरागी पहुंचे जहां उत्तम सत्य धर्म के भाव से हुए धार्मिक अनुष्ठानों में उत्साह व श्रद्धा से भागीदारी की। स्थानीय दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन ने बताया कि प्रारम्भ में धर्मप्रेमियों ने पवित्र जल कलश लेकर शांतिनाथ भगवान का अभिषेक किया। इसी तरह लाभार्थी सदस्यों ने विधिपूर्वक शांतिधारा अनुष्ठान पूर्ण किया। प्रभु के सम्मुख दीप प्रज्वलन उपरांत दशलक्षण पूजा विधान की क्रिया शुरू हुई। इसके तहत पं. आयुष जैन के सान्निध्य में मंत्रोच्चारण के साथ पूजा विधान सम्पादित किया गया। इस दौरान मंत्र उच्चारण के साथ श्रद्धालुओं के संगान के चलते परिवेश धर्ममय बन गया तथा समाजजन भक्ति भाव से सराबोर हो गए। शांतिनाथ भगवान के अभिषेक का धर्मलाभ सुशील, रितु, अमन, सार्थक जैन परिवार को जबकि शांतिधारा अनुष्ठान में महावीर प्रसाद, सुशील कुमार, ऋतु जैन, महेंद्र कुमार, हितेश, वीरेंद्र, कर्तक, प्रदीप, प्रेमलता, प्रशांत, रीना, अंशुल, जयेश लुलाड़िया को मिला वहीं सौधर्म इंद्र में धर्मचंद, सरोज पाटनी एवं आरती में पवन, निशा ने धर्मलाभ लिया। अनुष्ठान उपरांत प्रवचन कार्यक्रम में पं. जैन ने उत्तम सत्य धर्म के सन्दर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि सत्य बड़ा बलवान होता है जिसे कोई जीत नहीं सकता है तथा ऐसे बलशाली सत्य को अपने जीवन में पूर्णरूपेण धारण करने वाला त्रिलोक पर विजय प्राप्त कर सकता है। व्यक्ति को सत्य धर्म का पालन करने से ऊंचाईयां मिल सकती है तथा उसके लिए कोई भी कार्य असम्भव नहीं रह जाता है। इससे मन पवित्र बनता है तथा जीवन सरल व आनंदमय बन जाता है। हमें वाणी रूपी सरिता से सदैव मीठे व सत्य वचन प्रवाहित करने चाहिए। हमारे वचन दूसरों के लिए हितकारी व सुखदायी बनें। उन्होंने जीवन को महान बनाने वाले सत्य धर्म को धारण करने का आह्वान किया। पर्युषण अन्तर्गत सोमवार को उत्तम संयम दिवस मनाया जाएगा वहीं सुगंध दशमी पर्व के उपलक्ष्य में शाम छह बजे मंदिर में धूप खेवन का विशेष अनुष्ठान होगा।



# नगर निकाय अध्यक्ष पद के मतदान की तैयारियों का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

**- विभिन्न स्थानों का दौरा कर निर्वाचन व्यवस्थाओं एवं कानून व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** नगर निकायों के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष पद के मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा एवं एसपी हेमंत कलाल ने रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा कर मतदान संबंधी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट, जिला परिषद, नगर पालिका नाथद्वारा सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों से निर्वाचन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसपी ने अध्यक्ष पद को लेकर मतदान प्रक्रिया के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों एवं कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतदान स्थलों पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपादित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, आवश्यक सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। एसपी कलाल ने पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# राज्यावास के मैदान में गूंजा फुटबॉल का जोश : जिला स्तरीय प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

## - 42 टीमों के खिलाड़ी दिखा रहे दम

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** फुटबॉल के रोमांच, खिलाड़ियों की कदमताल और दर्शकों की तालियों की गूंज के बीच रविवार को राउमावि राज्यावास में 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। जिलेभर से पहुंची 42 टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशासित मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी तथा खेल भावना और अनुशासन की शपथ ली। अध्यक्षता अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश गोराना ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपमाला कंवर भाटी, प्रशासक एवं विधायक प्रतिनिधि महेश आचार्य, उप प्रशासक गोवर्धनसिंह गौड़, शम्भूलाल खारोल, उप जिला शिक्षा अधिकारी विद्याधर सालवी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी छगनलाल पूर्बिया, विक्रमसिंह भाटी, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली तथा केंद्राध्यक्ष व प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार आचार्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद मौजूद थे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना और मनमोहक राजस्थानी लोकनृत्य ने खेल के मैदान में सांस्कृतिक छटा बिखेर दी। प्रतियोगिता संयोजक भगवतीलाल मेनारिया ने स्वागत संबोधन और प्रतियोगिता का परिचय प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला एलपीएस एमड़ी और पीएमश्री राउमावि रेलमगरा के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार रणनीतिक कौशल दिखाया। कड़े मुकाबले के अंत में एलपीएस एमड़ी ने जीत दर्ज की।

### राज्यावास की 19 वर्षीय छात्रा टीम फाइनल में

प्रतियोगिता के पहले ही दिन राज्यावास की 19 वर्षीय छात्रा टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों एवं व्यवस्थापकों के लिए भोजन की व्यवस्था पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी द्वारा तथा नाश्ते की व्यवस्था किशनलाल व कमलेश तेली की ओर से की गई। मैदान और खेल व्यवस्थाओं को निर्णायक शंकर मेनारिया, राकेश मेनारिया एवं कैलाश चंद्र रेगर की टीम ने संभाला। मंच संचालन तुलसीराम सालवी एवं कमलेश जोशी ने किया। अतिथियों का स्वागत भेरूलाल खींची, एकता गर्ग, किरण चौधरी, चंचल जैन, राजेंद्रसिंह गौड़, कमलेश तेली, पवन कुमावत, घनश्याम तेली एवं मनोज बंजारा ने किया। इस दौरान राज्यावास फुटबॉल क्लब के सदस्यों, उदयलाल सिंघवी, रामेश्वरलाल पाराशर, शिवरतन सनाढ्य, कालूसिंह गौड़, योगेश त्रिवेदी सहित बड़ी ग्रामीण, खेलप्रेमी और शिक्षक मौजूद थे।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 2 दिवसीय जिला सम्मेलन सम्पन्न

## - शिक्षकों की पदोन्नति तृतीय श्रेणी सहित समस्त वर्ग के स्थानांतरण के प्रस्ताव पारित

जयवर्द्धन न्यूज़



**देलवाड़ा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा का 2 दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन शनिवार को देलवाड़ा खंड के राउमावि शीशवी में सम्पन्न हुआ। जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शंकर माली ने की जबकि प्रदेश सह संगठन मंत्री कैलाश चंद्र सुथार पालक अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश्वर त्रिपाठी, पीईईओ नीलू धाबाई, पूर्व व्याख्याता जय शंकर, जितेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। खुले सत्र में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें तृतीय श्रेणी डीपीसी, तृतीय श्रेणी सहित सभी संवर्गों के ट्रांसफर करने, जिले से बाहर नियुक्त नव पदोन्नत व्याख्याताओं को जिले में रिक्त पदों पर लगाने, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने सहित कई विषयों पर प्रस्ताव पारित कर प्रदेश नेतृत्व को भेजे गये। सभी ने मेजबान खंड देलवाड़ा की कार्यकारिणी का सुंदर व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री महिला कल्पना खंडेलवाल, संभाग संगठन मंत्री वीणा वैष्णव, नारायणसिंह चुंडावत, मधु पालीवाल, सुजीत त्रिपाठी, दिनेश चंद्र शर्मा, खंड अध्यक्ष विनोद आचार्य, रणवीरसिंह चौहान, शिवदास बैरागी, किरण माली, डॉ तरुणा सनाढ्य, मोतीलाल पालीवाल चारभुजा, घनश्याम खत्री, मांगीलाल सुथार, डॉ भगवतसिंह, ईश्वरसिंह कुम्पावत सहित कई शिक्षक उपस्थित थे। खंड अध्यक्ष राठौड़, खंड पालक अधिकारी मनोज पालीवाल, मंत्री शूरवीरसिंह झाला, हेमंत पालीवाल, आलोक शर्मा, रेखा जाट ने सभी आगंतुक शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन जिला मंत्री हरिओमसिंह चुण्डावत ने किया।

# मानसिक स्वास्थ्य माहः अनंता मेडिकल कॉलेज में गेटकीपर ट्रेनिंग आयोजित

## - तनाव प्रबंधन और मेंटल हेल्थ पर दिया जोर

जयवर्द्धन न्यूज़




**राजसमंद।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह 2026 के तहत चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की श्रृंखला में अनंता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर के मनोचिकित्सा विभाग द्वारा पांच-मॉड्यूल आधारित गेटकीपर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में मेडिकल विद्यार्थियों व स्टाफ को तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के तरीके सिखाए गए। ट्रेनिंग के दौरान मनोचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ भरत अग्रवाल ने मन दर्पण और वर्कप्लेस स्ट्रेस मैनेजमेंट मॉड्यूल पर सत्र लिया। उन्होंने मेडिकल विद्यार्थियों के जीवन में मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी तनावपूर्ण परिस्थिति में विद्यार्थी स्वयं के लिए अथवा अपने साथियों की मदद के लिए हेल्पलाइन की सेवा ले सकते हैं। इसी क्रम में प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार ने गेटकीपर की भूमिका एवं एग्जाम स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर प्रशिक्षण दिया। वहीं डॉ राजवी दवे ने मैं अपने दोस्त का साथ देता हूं तथा युवा मन और मेंटल हेल्थ विषयों पर विचार व्यक्त करते हुए युवाओं में मानसिक संबल बढ़ाने पर जोर दिया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का होगा आयोजन

संस्थान के प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर डॉ संजय गुप्ता ने बताया कि इस ट्रेनिंग के बाद मनोचिकित्सा विभाग द्वारा विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच जागरूकता फैलाने के लिए कई रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें रील मेकिंग कॉम्पिटिशन, पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन, यूजी साइकियाट्रिक क्विज़ तथा बड़े पैमाने पर डिजिटल मेंटल हेल्थ पर शपथ ग्रहण समारोह शामिल हैं। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ नितिन शर्मा ने जानकारी दी कि राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम राजममता के तहत अनंता संस्थान में 10 अक्टूबर तक निरंतर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन आयोजनों से मेडिकल एवं नर्सिंग विद्यार्थियों को स्वयं की, अपने सहपाठियों की तथा भविष्य में आने वाले मरीजों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का बेहतर ढंग से सामना करने में मदद मिलेगी और उनकी कार्यक्षमता व उत्पादकता में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### चारभुजा पदयात्रियों की सेवा में सजा राम रसोड़ा : 22वें वर्ष भी माहेश्वरी समाज ने की व्यवस्था



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जलझूलनी एकादशी से पहले भगवान चारभुजा नाथ के दर्शन के लिए पैदल जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा के लिए कुंवारिया में माहेश्वरी समाज की ओर से राम रसोड़े का आयोजन किया गया। कस्बे के स्कूल परिसर में लगाए गए राम रसोड़े में पदयात्रियों के लिए भोजन-प्रसादी के साथ रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई। समाज के लोगों ने सैकड़ों पदयात्रियों की आवभगत कर सेवा की। माहेश्वरी समाज के गणेशलाल पोरवाल और कैलाश काबरा ने बताया कि यह सेवा कार्य लगातार 22वें वर्ष किया जा रहा है। हर वर्ष चारभुजा नाथ गढ़बोर जाने वाले पदयात्रियों के लिए राम रसोड़े का आयोजन कर भोजन और विश्राम की व्यवस्था की जाती है। राम रसोड़े में कपासन, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा समेत कई क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन-प्रसादी ग्रहण की। पदयात्रियों ने स्कूल परिसर में रात्रि विश्राम किया और भजन-कीर्तन किए। सुबह चाय-नाश्ता करने के बाद श्रद्धालु भगवान चारभुजा नाथ के दर्शन के लिए आगे रवाना हुए। पदयात्री जलझूलनी एकादशी के दौरान प्रभु श्रीचारभुजा नाथ के दर्शन कर क्षेत्र में अमन-चैन और सुख-शांति की कामना करेंगे। राम रसोड़े में माहेश्वरी समाज के युवा और बुजुर्ग, दोनों ही पदयात्रियों की सेवा और व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

### राजसमंद में पारा चढ़ा, बिन बरसे रूठे बदराः उमस से बेहाल हुए लोग

#### - 2-3 दिन में बारिश नहीं हुई तो अकाल का संकट

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** लेक सिटी से सटे राजसमंद जिले में मौसम के मिजाज ने आमजन के पसीने छुड़ा दिए हैं। मानसून के सीजन में भी आसमान से राहत की बूंदें टपकने के बजाय आफत की गर्मी बरस रही है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर तीखी धूप और चिपचिपी उमस के कारण लोग बेहाल नजर आए। इस बार पूरे वर्षाकाल में जिले में संतोषजनक बारिश नहीं होने से जलस्रोत प्यासे पड़े हैं। भादों का महीना बीतने को है, लेकिन बादलों की बेवफाई के चलते झमाझम बारिश का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। हवा में नाममात्र की नमी और लगातार चढ़ते पारे ने मिलकर ऐसा स्टीम बाथ जैसा माहौल बना दिया है कि पंखे-कूलर भी बेअसर साबित हो रहे हैं। सुबह से ही सूरज के तेवर तल्ख हो जाते हैं और शाम तक उमस शरीर को निचोड़ कर रख देती है।

#### किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें, अकाल की आहट से सहमे लोग

बरसात नहीं होने का सबसे बड़ा खामियाजा ग्रामीण इलाकों और किसानों को भुगतना पड़ रहा है। खेतों में खड़ी फसलें पानी के अभाव में मुरझाने लगी हैं। कुओं और बोरवेल का जलस्तर लगातार नीचे गिर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और किसान भाइयों का कहना है कि अगर अगले 2 से 3 दिनों में झमाझम मेघ नहीं बरसे, तो क्षेत्र में भयंकर सूखे और अकाल की स्थिति तय है। मवेशियों के लिए चारे और पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा होने का डर सताने लगा है। शहर से लेकर गांव तक अब हर जुबान पर बस एक ही प्रार्थना है कि किसी तरह मेघ मेहरबान हो जाएं। मंदिरों में पूजा-अर्चना और विशेष अनुष्ठान का दौर जारी है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आगामी 48 से 72 घंटों में कोई नया सिस्टम सक्रिय नहीं हुआ तो मानसून की विदाई के साथ ही जिले को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल तो पूरा जिला आसमान की ओर टकटकी लगाए बादलों के बरसने की बाट जोह रहा है।

### पदयात्री सेवा स्थल पर दिनभर रहा जमावड़ा, हुई सेवा-सुश्रुषा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** हरिहर सेवा संस्थान की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सेवाली मोड़ पर गढ़बोर-चारभुजा जाने वाले पदयात्रियों के लिए संचालित निःशुल्क सेवा, सहायता एवं उपचार शिविर में रविवार को दिनभर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। जलझूलनी एकादशी नजदीक आने के साथ ही पदयात्रियों की आवक में इजाफा हो गया। इसके चलते सेवा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी तथा इसके बाद दोपहर से देर शाम तक वहां लगातार जमावड़ा लगा रहा। शिविर में संस्थान अध्यक्ष श्यामसुन्दर नवाल के साथ जयप्रकाश मंत्री, पुरूषोत्तम भूतड़ा, नाथूसिंह, प्रकाश बाई, कमलाबाई, हिमांशु नवाल सहित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं की आवभगत व सेवा सुश्रुषा की वहीं विशेष रूप से फिजियोथैरेपी उपचार कर राहत दी। समाजसेवी श्यामसुन्दरर नवाल ने बताया कि सेवा स्थल पर सेवा के साथ सामान्य उपचार की व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से लम्बी पदयात्रा के कारण होने वाली थकावट, जकड़न, मांसपेशियों में दर्द एवं पैरों में छाले आदि के उपचार की सुविधाा उपलब्ध कराई जा रह है तथा फिजियोथैरेपी उपकरणों की सहाया से उपचार कर राहत दी जा रही है। शिविर सोमवार को जलझूलनी एकादशी की पूर्व संध्या तक चलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

## पार्षदों की बाड़ेबंदी में विधायक की पत्नी ने बनाया चूरमा-दाल

### - अध्यक्ष प्रत्याशी ने भी की मदद



जयवर्द्धन न्यूज़

**कुंभलगढ़।** विधानसभा क्षेत्र में आमेट नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को मतदान होना है। चुनाव से पहले भाजपा ने अपने 14 पार्षदों को बाड़ेबंदी में रखा है। इसी दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़ और उनकी पत्नी कृष्णा कंवर भी बाड़ेबंदी स्थल पर पहुंचे। यहां कृष्णा कंवर ने पार्षदों के लिए पारंपरिक दाल-बाटी चूरमा तैयार किया। खाना बनाने के दौरान आमेट नगर पालिका अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी दिनेश सरणोत भी रसोई में मदद करते नजर आए। बाड़ेबंदी के दौरान पार्षदों के साथ विधायक और पार्टी नेताओं की मुलाकात भी हुई। आमेट नगर पालिका के कुल 25 वार्डों में चुनाव हुए थे। इनमें भाजपा के 14 और कांग्रेस के 11 पार्षद निर्वाचित हुए हैं।

अध्यक्ष पद के चुनाव में बहुमत के लिए 13 पार्षदों के समर्थन की आवश्यकता है। ऐसे में भाजपा के पास 14 पार्षद होने के कारण उसके पास बहुमत का आंकड़ा है। आमेट नगर पालिका को सोमवार को नया अध्यक्ष मिलेगा। इसके बाद 22 सितंबर को उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। अध्यक्ष चुनाव को लेकर दोनों दलों की गतिविधियों पर राजनीतिक नजरें बनी हुई हैं।

## सौर ऊर्जा से किसानों को मिल रहा दोहरा लाभ

### - सिंचाई के साथ बढ़ रही आय : माहेश्वरी

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से किसानों के लिए सौर ऊर्जा एक महत्वपूर्ण विकल्प बन रही है।



प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान के माध्यम से किसानों को सौर कृषि पंप उपलब्ध कराने तथा कृषि पंपों के सौरीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई से किसानों को डीजल पर होने वाले खर्च से राहत मिलती है और सिंचाई के लिए स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ता है। पीएम-कुसुम के तहत स्टैंड-अलोन सौर कृषि पंपों के लिए केंद्र एवं राज्य स्तर पर वित्तीय सहायता का प्रावधान है। इससे किसानों पर प्रारंभिक निवेश का बोझ कम करने में मदद मिलती है।

विधायक माहेश्वरी ने कहा कि योजना का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि सौर ऊर्जा केवल सिंचाई का साधन नहीं, बल्कि किसान की अतिरिक्त आय का माध्यम भी बन सकती है। ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों के सौरीकरण के अंतर्गत किसान अपनी सिंचाई आवश्यकता के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करने के बाद बची हुई बिजली को संबंधित डिस्कॉम को बेच सकते हैं।

इससे किसान ऊर्जा उपभोक्ता के साथ-साथ ऊर्जा उत्पादक की भूमिका भी निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा का विस्तार किसानों की लागत कम करने, कृषि क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राजस्थान जैसे धूप वाले प्रदेश में सौर ऊर्जा आधारित कृषि की व्यापक संभावनाएं हैं।

## साकेत का रजत जयंती समारोह आज

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साकेत का 25वां रजत जयंती समारोह सोमवार को आयोजित किया जाएगा। संस्था की साहित्य प्रमुख कुसुम अग्रवाल ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। संस्था के महासचिव कमल अग्रवाल एवं सहसचिव कुमार दिनेश ने बताया कि रजत जयंती समारोह में साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ साहित्यकारों एवं कवियों, पिछले पांच वर्षों में जिनकी पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं और साथ ही साकेत के सभी पूर्व अध्यक्ष महानुभावों को सम्मानित किया जाएगा। साकेत के सह गोष्ठी प्रभारी डॉ संपत रैगर और गोष्ठी प्रभारी चंद्रशेखर नारलाई ने बताया कि रजत जयंती पर संस्थान की 32वीं पुस्तक मेरा गांव मेरा गौरव का विमोचन गणमान्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा। संस्था के उपाध्यक्ष नारायणसिंह राव ने बताया कि यह गरिमामय कार्यक्रम सुभाष पब्लिक स्कूल, हाउसिंग बोर्ड में सोमवार सुबह 9:30 बजे से आयोजित होगा। संस्था अध्यक्ष वीणा वैष्णव ने सभी साहित्यकारों, कवि गणों एवं साहित्य अनुरागियों से कार्यक्रम में सादर पधारने का आग्रह किया है।

संस्था की मीडिया प्रभारी अन्नू राठौड़ ने सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

# जाट समाज ने तेजा दशमी के उपलक्ष्य में शहर में निकाली शोभा यात्रा

## - शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत





जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** तेजाजी महाराज के बलिदान दिवस तेजा दशमी के उपलक्ष्य मे रविवार को जाट समाज की ओर से राजसमंद जिला मुख्यालय पर शोभायात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में तेजाजी महाराज की रथ में विराजित छवि का शहरवासियों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जाट समाज बालिका छात्रावास प्रतापपुरा से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा गौमाता सर्कल विवेकानंद सर्कल, मुखर्जी चौक, कांकरोली बस स्टैंड, जल चक्की, टीवीएस चौराहा होते हुए धोइंदा स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां पर पूजा अर्चना के उपरांत मौजूद समाजजनों ने समाज विकास सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की। करीब ढाई किलोमीटर लंबी इस रैली में ट्रैक्टर एवं शामिल घोड़े विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में समाजजन ट्रैक्टर, टू-व्हीलर व फोर-व्हीलर पर सवार होकर तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह समाज के लोगों ने स्वागत करते हुए जलपान, अल्पाहार, फल वितरण और आतिशबाजी की। वहीं शहर के प्रमुख चौराहे पर बिराजित महापुरूष स्वामी विवेकानंद महाराज, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पन्नाधाय, राजसमंद संस्थापक महाराणा राजसिंह की प्रतिमा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन में कार्यक्रम संयोजक तरूण चौधरी, अर्जुन जाट, शिवलाल जाट, अल्पेश जाट, अखिल मेवाड़ जाट समाज महासभा अध्यक्ष माधव चौधरी, जिलाध्यक्ष शंकरलाल जाट, युवा जिलाध्यक्ष किशनलाल जाट, कैलाश चौधरी, मदन चौधरी, डॉ बीएल जाट, एडवोकेट रामलाल जाट, जवाहरलाल जाट, किशनलाल जाट, उपप्रधान रेलमगरा कमलेश चौधरी, अम्बालाल जाट, शिवलाल जाट, अर्जुन जाट, तुलसीराम जाट, भंवरलाल जाट, सुरेश जाट, किशनलाल जाट, शंकरलाल जाट, छगनलाल जाट, कालूराम जाट, एडवोकेट हरजेन्द्रसिंह चौधरी, राजसिंह चौधरी, रतन जाट बोरज का खेड़ा, अर्जुन खंडेल के साथ-साथ समाज के सैकड़ो सम्मानित समाजजन शामिल हुए। समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनी यह शोभायात्रा लंबे समय तक लोगों की स्मृतियों में बनी रहेगी। यात्रा का जगह-जगह स्थानीय लोगों और समाज बंधुओं ने फूलों की वर्षा कर इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाया।

### सांस्कृतिक परंपरा की झलक

इस आयोजन में समाजजन पूरी तरह अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े नजर आए। पुरुषों ने परंपरागत धोती, कुर्ता व सीर पर मेवाड़ी साफा जबकि महिलाओं ने फेटिया ओढनी पहन रखी थी। यह वेशभूषा समाज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को जीवंत कर रही थी। हर कोई गर्व और उमंग से भरा हुआ दिखाई दिया। इस विराट आयोजन की सफलता का श्रेय समाज के युवा वर्ग को जाता है। महासभा अध्यक्ष माधव चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में युवाओं ने दिन-रात मेहनत की। समेत कई युवाओं ने मिलकर शोभायात्रा एवं रैली की रूपरेखा बनाई और उसे साकार किया।

### समाज की एकजुटता का उदाहरण

जाट महासभा के अध्यक्ष माधव चौधरी ने बताया कि तेजा दशमी के एक दिन पहले निकाली गई यह वाहन रैली सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, शक्ति और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन गई। समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति और जगह-जगह मिले स्नेहपूर्ण स्वागत ने यह साबित कर दिया कि जब समाज साथ आता है तो हर आयोजन ऐतिहासिक बन जाता है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 25 सितंबर को

## - राजसमंद के 1346 विद्यालयों के 1 लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा विद्यार्थियों के नैतिक व चारित्रिक विकास और संस्कृति संवर्धन के उद्देश्य से आगामी 25 सितंबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले के 1346 राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 1 लाख 4 हजार परीक्षार्थी भाग लेंगे। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य व्यवस्थापक गिरजा शंकर पालीवाल और जिला सह समन्वयक विष्णु पुरोहित के निर्देशन में परीक्षा आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के जिला संयोजक दिनेश श्रीमाली ने बताया कि कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी। प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट संबंधित पीईईओ विद्यालयों के माध्यम से समयबद्ध तरीके से वितरित किए जाएंगे। शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ पर एक जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। किसी भी प्रकार की आवश्यकता या जानकारी के लिए इस नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा, जिले के सभी खंड स्तर पर भी गायत्री शक्तिपीठ के स्थानीय कार्यकर्ताओं को परीक्षा प्रबंधन एवं प्रबोधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सामग्री वितरण और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए श्याम सुंदर नंदवाना, रामेश्वर गर्ग, मनोहरलाल माहेश्वरी, शंकरलाल शर्मा, लक्ष्मीनारायण पालीवाल, पृथ्वी सिंह कच्छवाहा और पूनमसिंह के निर्देशन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

# आम आदमी पार्टी ने जिले में 15 पदाधिकारियों की नियुक्ति

## - जिला एवं प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का विस्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** आम आदमी पार्टी राजस्थान के प्रदेश प्रभारी धीरज कुमार टोकस, सह-प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज, सह-प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व महापौर महेश खींची तथा जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल चंदेल की अनुशंसा पर जिले में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 15 पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में देवेंद्र गहलोत को जिला उपाध्यक्ष (मेन विंग), कानसिंह राठौड़ को जिला सचिव (मेन विंग), तेजमल जैन को भीम विधानसभा अध्यक्ष, राजमल खटीक को रेलमगरा ब्लॉक अध्यक्ष, मनीष टेलर को नाथद्वारा ब्लॉक अध्यक्ष, धनराज चंदेल को खमनोर ब्लॉक अध्यक्ष, जगदीश चंद्र सनाढ्य को नाथद्वारा विधानसभा उपाध्यक्ष (मेन विंग), मोतीलाल यादव को एससी विंग जिला अध्यक्ष, कालूराम कुमावत को किसान विंग जिलाध्यक्ष, सुनीता बाई किन्नर को महिला विंग जिलाध्यक्ष, लीला देवी कुमावत एवं रेखा राव को महिला विंग जिला उपाध्यक्ष, पूजा यादव को महिला विंग जिला सचिव, यशोदा वैष्णव को यूथ विंग जिलाध्यक्ष तथा जटाशंकर राव को ओबीसी विंग जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला संगठन महासचिव पप्पूलाल कीर ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में पार्षद पद पर चुनाव लड़ चुके कार्यकर्ताओं तथा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी एवं विभिन्न प्रकोष्ठों में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन को मजबूती मिलेगी और जिले में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

# कीर्तन में भाव-विभोर हुए आनंदमार्गी साधकः भक्ति और साधना से ही संभव है कर्मों के बंधन से मुक्ति

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** चौमुखा महादेव स्थित आनंदमार्गी विद्यालय में रविवार को आनंदमार्गी साधकों का आध्यात्मिक कीर्तन कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में साधकों ने गुरुदेव आनंदमूर्ति द्वारा रचित प्रभात संगीत का सस्वर गायन किया। इसके पश्चात बाबा नाम केवलम महामंत्र का अखंड कीर्तन शुरू हुआ, जिसमें साधक परमात्मा का नाम ही सब कुछ है, के भाव में लीन होकर भाव-विभोर हो उठे। महामंत्र की गूंज से संपूर्ण विद्यालय परिसर धर्ममय हो गया। कार्यक्रम के अंत में साधकों ने चरम निर्देश का वाचन करते हुए यम-नियम के कठोर पालन का संकल्प लिया। इस दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए अवधूत गोपमयानंद महाराज ने कहा कि भक्ति, समर्पण और नियमित साधना के माध्यम से ही मनुष्य परम सत्य की अनुभूति कर सकता है। उन्होंने बताया कि मनुष्य के वर्तमान जीवन की स्थितियां उसके पूर्व कर्मों के संस्कारों और प्रतिक्रियाओं का परिणाम होती हैं। भक्ति मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति इन कर्म बंधनों की प्रतिक्रियाओं से मुक्ति पा सकता है। समारोह के समापन सत्र में आनन्दमयी ने गुरुदेव आनंदमूर्ति के जीवन से जुड़े प्रेरक संस्मरण साधकों के साथ साझा किए। इस आध्यात्मिक आयोजन में अवधूतिका सुमंत्रा दीदी, सुषमा दीदी, रुक्मणी देवी, दिव्या, शुभम, रामेश्वर गुर्जर, रेखा गुर्जर तथा अनुपम खिलनानी सहित आनंदमार्गी साधक मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कम्प्युटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित। संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़। पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा।